प्रारंभिक वक्तव्य

माननीय सदस्यगण,

पंचम झारखंड विधानसभा के त्रयोदश (शीतकालीन) सत्र के शुभ अवसर पर मैं आप सभी का हार्दिक अभिनन्दन और जोहार करता हूँ।

मानसून सत्र के लगभग चार माह के बाद हम पुनः मिल रहे हैं। वर्तमान सत्र वर्ष 2023 की विदाई तथा नूतन वर्ष 2024 के आगमन का दस्तक दे रहा है। पिछले दिनों पाँच राज्यों मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना एवं मिजोरम में लोकतंत्र का महापर्व संपन्न हुआ है। इनमें चुनी गई सरकारों को जनअकांक्षाओं के अनुरूप जनकल्याण हेतु अपनी सुभेक्षा प्रेषित करता हूँ।

चंदनक्यारी विधानसभा क्षेत्र से माननीय विधायक श्री अमर कुमार बाउरी झारखंड विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तथा मांडू विधानसभा क्षेत्र से माननीय विधायक श्री जयप्रकाश भाई पटेल विरोधी दल के सचेतक बनाए गए हैं। आप दोनों को बधाई देता हूँ। सदन के संचालन में पक्ष और प्रतिपक्ष का महत्व एक समान होता है। मुझे उम्मीद है कि सदन के अंदर व्यवस्था तथा सदन के संचालन में आप दोनों महानुभावों का सहयोग मुझे प्राप्त होगा।

माननीय सदस्यगण, विगत राष्ट्र मण्डलीय संसदीय संघ अक्रा (घाना) सम्मेलन में झारखंड विधान सभा ने सार्थक शिरकत की

है। इसमें भाग लेने के लिए मेरे साथ माननीय सदस्य श्री चन्द्रेश्वर प्रसाद सिंह तथा माननीय सदस्य श्री निरल पूर्ती जी शामिल थें। संसदीय संघ में ‘‘संसद में महिलाओं के लिए आरक्षण’’, ‘‘पर्यावरण और उर्जा निर्धनता’’ तथा ‘‘ई संसद के माध्यम से संसदीय प्रक्रिया को और कारगर बनाये जाने’’ पर आपके प्रतिनिधि के विचारों को काफी गंभीरता से सुना गया है।

22 नवंबर 2023 को विधान सभा के 23 वें स्थापना दिवस को काफी गर्मजोशी के साथ मनाया गया। विधायी जीवन में उत्कृष्टता के उच्च मापदण्डों की स्थापना की दिशा में सतत् प्रयत्नशील इस विधान सभा के माननीय सदस्य श्री रामचंद्र सिंह को इस वर्ष के बिरसा मुंडा उत्कृष्ट विधायक सम्मान से विभूषित किया गया है तथा छः विधान सभा कर्मी भी उत्कृष्ट कार्यो के लिए सम्मानित किये गये हैं।

हमें गर्व है कि विश्व कप क्रिकेट में भारत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, वहीं झारखंड में आयोजित भारतीय महिला हॉकी टीम ने 7 वर्षो के पश्चात् महिला एशियाई चैंपियंस ट्रॉफी 2023 का खिताब जीत कर इतिहास रचा जिसमें हमारे राज्य की तीन खिलाडियों निक्की प्रधान, सलीमा टेटे और संगीता कुमारी ने झारखंड को गौरव प्रदान किया है इसके साथ ही गोवा में आयोजित 37 वें राष्ट्रीय खेल मे भाग लेने वाले एवं पदक जीतने वाले झारखंड के खिलाडियों का हम अभिनन्दन करते हैं।

वर्तमान सत्र के दौरान कुल पॉच बैठकें निर्धारित हैं। वर्ष 2023-2024 के द्वितीय अनुपूरक व्यय विवरणी के व्यवस्थापन

के लिए एक दिन,राजकीय विधेयक के लिए दो दिन, एवं गैर–सरकारी सदस्यों के कार्यो के लिए एक दिन निर्धारित है।

इसके अतिरिक्त प्रक्रिया तथा कार्य–संचालन के नियमों के अधीन माननीय सदस्यों को जनसरोकार से जुडे विषयों और समस्याओं पर सत्र के दौरान प्रश्नकाल, शून्यकाल, ध्यानाकार्षण–सूचनाएँ उठाने एवं प्रस्तावों और संकल्पों को प्रस्तुत करने के अवसर भी प्राप्त होंगें।

सदस्यगण, लोकतांत्रिक प्रणाली के सफर में विगत चार वर्षो में झारखण्ड विधान सभा ने आम जनमानस की समस्याओं के निराकरण करने और राज्य की साढ़े तीन करोड़ जनता की उम्मीदों को पूर्ण करने का समन्वित प्रयास किया है। जन कल्याण से जुडे विधेयकों का पारण तथा जन प्रतिनिधियों द्वारा जनसमस्याओं को सदन पटल पर रखा गया है। उसी प्रयास की कड़ी को जिम्मेदारी पूर्वक पूरी सजगता, संवेदनशीलता और निष्ठापूर्वक हम सभी को एकजुट होकर आगे बढाना है। झारखंड की जनता ने सदन के अंदर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों को सार्थक भूमिका निभाने का अवसर प्रदान किया है जो इस जीवंत मंच के माध्यम से संभव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि राज्यहित में पक्ष और विपक्ष आपस में एकजुट होकर सदन को चलाने में अपनी सहभागिता निभाएँगें। मुझे विश्वास है कि,सदन को सुचारू रूप से चलाने में आप सभी का सार्थक सहयोग प्राप्त होगा।

इन्हीं शुभकामनाओं सहित आप सभी का पुनः अभिनन्दन।